संक्षिप्त

कारगिल विजय दिवस मनाया

रामगढ़ पचवारा, (निसं) समीपवर्ती डीडवाना के रीको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कृषि महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया। कारगिल विजय दिवस के मौके पर वहां मौजूद भूतपूर्व सैनिक का भी सम्मान किया गया इसी के साथ युवा संवाद कार्यक्रम में सफल प्रतिभागियों को भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ महेश दत्त ने बताया कि पर भूतपूर्व सैनिक गजराज सिंह गुर्जर को सम्मानित किया गया एवं साथ मेरी माटी मेरा देश पर युवा संवाद में भाग लेने वाले प्रतियोगी ने इस शुभ अवसर छात्र पुलकित गर्ग प्रथम, सूरवीर द्वितीय एवं छात्रा श्वेता कुमावत तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं उनको सम्मानित किया गया।

अल्लम सद्दे का जुलूस निकला

मनोहरपुर, (निसं)। पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी एवं पैनी निगाहों के बीच में अल्लम सद्दे का जुलूस मातमी धुनों के बीच में निकाला गया। समाज सेवी सईद खान चोहान व मोहसीन खान ने बताया कि हजरत मोहम्मद मुस्तुफा (सआवस) के लाडले नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में अल्लम सद्दे का जुलूस विधिवत रस्म ओ रिवाज के मातमी धुनों के साथ में निकाला गया। अल्लम का जुलूस मोहल्ला तोपचिवाडा से दोपहर 2 बजे बाद विधिवत रस्मो रिवाज के निकला जो कि गांधी चौक होता हुआ मोहल्ला सारवान में आया जहां पर सारवान के इमामबाड़े में बन रहे ताजियों से मिलान करवाया गया।

सब्सिडी योजना का लाभार्थी उत्सव आज

खैरथल, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा गुरुवार को इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के लाभार्थी उत्सव का आयोजन किया जावेगा । जिसके तहत नवगठित जिला खैरथल के, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में लाभार्थी उत्सव कार्यक्रम होगा। सब्सिडी योजनांतर्गत खैरथल क्षेत्र के कुल 444 लाभार्थीयो के बैंक खातों में 1 लाख 88 हजार रूपये की सब्सिडी राशि सीधे स्थानांतरित कर लाभान्वित किया जावेगा। जिसका सूचना कार्यक्रम दौरान लाभार्थी को सीधा एस एमएमएस के माध्यम से प्राप्त होगा ।

अलवर में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन फ्लॉप

अलवर, (निसं)। मणिपुर में हुई हिंसक घटना और महिला अत्याचारों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर अलवर में भी जिला कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों से विधायकों, पदाधिकारियों, पूर्व विधायक और पार्टी के नेताओं को आमंत्रित किया गया था।

इस विरोध प्रदर्शन में कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत और टीकाराम जूली सहित केवल किशनगढबास विधायक

■ कई विधायक और पार्टी के नेताओं की अनुपस्थिति रही चर्चा का विषय

मणिपुर में हुई घटना को लेकर अलवर में जिला कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

दीपचंद खेरिया ही शामिल हुए। इसके अलावा जिला प्रमुख सहित 6 विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, पूर्व विधायक सहित अन्य नेता गैरहाजिर रहे। सुबह करीब 11 बजे पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें केवल डेढ सौ के करीब कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता की संख्या नजर आई। इस दौरान यह चर्चा भी रही कि चुनाव 3 माह बाद विधानसभा चुनाव होने हैं ऐसे में कांग्रेस की स्थिति मजबूत होनी चाहिए और कार्यकर्ता मैदान में होना चाहिए लेकिन अलवर में कांग्रेस के 9 विधायक होने के बावजूद भी यह संख्या बेहद हास्य पद है। 11 विधानसभा क्षेत्रों में से कई विधानसभा ऐसी है जहां से एक भी नेता या कार्यकर्ता पैदल मार्च में शामिल नहीं हुआ। इस संबंध में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का कहना था कि एक शार्ट मैसेज पर करीब 500 लोग आए हैं किसी भी विधानसभा में टारगेट नहीं दिया गया था।

कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने दावा किया कि इस रोड शौ में कांग्रेस के करीब एक हजार से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे जो अपने अपने आप में ऐतिहासिक है क्योंकि यह कार्यक्रम अल्प समय में आयोजित किया गया फिर भी इतनी संख्या में लोगों ने आकर बता दिया कि जनता मोदी सरकार से अब तंग आ चुकी है।

स्वाभिमान यात्रा का समापन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। स्वाभिमान यात्रा का कस्बे में बुधवार को गणेश मंदिर में समापन हुआ । जानकारी के अनुसार राजस्थान सरकार की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत के नेतृत्व मेंआयोजित की जा रही श्रीमाधोपुर स्वाभिमान यात्रा श्रीमाधोपुर कस्बे में पहुंची।

यात्रा सैकड़ों वाहनों के साथ व हजारों ग्रामीणों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ श्रीमाधोपुर पहुंचकर कस्बे के घर -घर में जाकर योजनाओं के पंपलेट वितरित किए तथा योजनाओं को विस्तार से बताया ।सभी कस्बा वासियों के द्वारा स्वाभिमान यात्रा में सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत का जगह-जगह पुष्प मालाएं व साफा पहना कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा श्रीमाधोपुर के जालपाली मोड से शुरू हुई जो पंचायत समिति के सामने से होते गुजरी जो मुख्य बाजार हॉस्पिटल होते हुए राजपथ मार्ग, गोपीनाथजी मंदिर, रींगस बाजार, चौपड़ बाजार ,खंडेला बाजार ,गौशाला से होती हुई गणेश मंदिर पहुंची। जहां पर सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया वहीं शेखावत ने गणेश मंदिर में जा कर पूजा अर्चना कर धोक लगाने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। यात्रा 16 जुलाई को त्रिवेणी से शुरू हुई थी।

बैठक 30 को

निवाई, (निसं)। अलियाबाद मोड पर स्थित अखिल हरियाणा गोड ब्राह्मण बालिका छात्रावास में 30 जुलाई को हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा सूरिया की अध्यक्षता में कार्यकारणी की प्रथम बैठक होगी।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक प्लॉट नम्बर 58, कमला नेहरू नगर, एन.बी.सी. रोड जयपुर में स्थित हैं जिस पर मेरे पिताजी मोहम्मद मुनीर मैंने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त प्लाट नम्बर 58 कमला नेहरू नगर, एनबीसी रोड, जयपुर के समस्त दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे हैं।
यह कि मेरे पिता मोहम्मद मुनीर का दिनांक 24.01.2015 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त मकान के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त प्लॅट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूं यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि के साथ दिवस की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड बैंक सी-25, भगवंत दास रोड, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर (फोन नम्बर 18002100018) में सम्पर्क करें। सूचित रहे।
शकील अहमद, एडवोकेट, मो.9413973340

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) मोहम्मद इरफान खान पुत्र स्व. मोहम्मद खान, आयु 55 वर्ष एवं (2) परवीन बी पत्नि मोहम्मद इरफान खान, आयु 48 वर्ष जातियान मुसलमान निवासीगण-प्लाट नम्बर 63-ए, एम.के. बिहार विस्तार, नाई की थडी, रामगढ रोड, जयपुर राजस्थान के पुत्र मोहम्मद कामरान, उसकी पत्नी अनम जई मेरे अभिभाष्यगण के कहे में नहीं है मेरे अभिभाष्यगण के साथ बदसलूकी करते है तथा मेरे अभिभाष्यगण का कहना नहीं मानते है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से मोहम्मद कामरान, उसकी पत्नी अनम जई को बेदखल करते है। अब मोहम्मद कामरान, उसकी पत्नी अनम जई का मेरे अभिभाष्यगण की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पति से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहा है यदि कोई व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण का अब मोहम्मद कामरान, उसकी पत्नी अनम जई से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रहा है ना ही भविष्य में होगा। सूचित रहें।
जयपुर (शफीक खान) एडवोकेट
दिनांक-26.07.2023 मो.9351619598

आम सूचना मैं मेरे अभिभाष्यगण शम्भूदयाल योगी उर्फ शिम्भूनाथ योगी पुत्र श्री कैलाशनाथ योगी एवं नानगी देवी पत्नी श्री शम्भूदयाल योगी उर्फ शिम्भूनाथ योगी, निवासीगण-प्लॉट नम्बर 28 विष्णु नगर, दादी का फाटक बैनाड रोड, जयपुर राजस्थान के होकर यह आम सूचना जरिये घोषणा करते है कि मेरे अभिभाष्यगण का बडा पुत्र दिनेश कुमार योगी एवं उसकी पत्नी श्रीमती संतोष योगी, मेरे अभिभाष्यगण से पिछले 10 वर्षो से अलग रह कर अपना जीवन यापन कर रहे है। मेरे अभिभाष्य का बडा पुत्र एवं पुत्रवधु अपने क्रूर स्वभाव के कारण मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है तथा वह गलत लोगों के बहकावे में आ गये है इस कारण मेरे अभिभाष्यगण अपने बडे पुत्र एवं पुत्रवधु को अपनी स्वेच्छा से अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पति से बेदखल करते है तथा भविष्य में मेरे अभिभाष्यगण का अपने बडे पुत्र व पुत्रवधु से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं होगा। जो भी व्यक्ति सम्बन्धि या दिगर व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के बडे पुत्र एवं पुत्रवधु से किसी भी प्रकार का लेन-देन एवं अन्य कार्यवाही करेगा, उसके लिए वह स्वयं वो ही जिम्मेदार होगा। उसके लिए मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
संजीव चोपडा, एडवोकेट, मोबाईल नम्बर-7737876774

खोया पाया
मेरे प्लाट संख्या 14/OF/142, 14/OF/S-155, 14/OF/S-156, 14/OF/S-157, 14/OF/354 जेडीए अप्रूड, जेडीए रिंग रोड प्रयोजना के मूल आवंटन-पत्र एवं कब्जा-पत्र कहीं रास्ते में गिर गये है। जिस व्यक्ति को मिले तो सम्पर्क करें। महेश चन्द्र शर्मा डी-5, कृष्णानगर-प्रथम लालसोठी टोंक रोड, जयपुर-9784010500

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1385 दिनांक-26.07.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 31/22/07, मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 11.980 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री त्रिलोक कुमार पुत्र श्री जेठा चन्द्र को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 202 दिनांक 28.08.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 07.10.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 7998 दिनांक 08.01.2007 के द्वारा श्रीमती मधु चांवला पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार चांवला के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इसके पश्चात श्रीमती मधु चांवला की मृत्यु दिनांक 07.06.2014 को हो जाने के कारण इनकी पुत्री श्रीमती शालिनी चांवला पत्नी श्री सुनील कुमार धवन ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती शालिनी चांवला पत्नी श्री सुनील कुमार धवन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1378 दिनांक-25.07.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 122/29 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 120.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री महावीर प्रकाश जैन पुत्र श्री लक्ष्मीचन्द जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6417 दिनांक 25.01.1994 संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 7584 दिनांक 22.03.1994 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 192 दिनांक 16.04.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 13.05.1994 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री महावीर प्रकाश जैन की मृत्यु दिनांक 06.04.2010 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती नलिनी जैन पत्नी स्व. श्री महावीर प्रकाश जैन ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती नलिनी जैन पत्नी स्व. श्री महावीर प्रकाश जैन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1394 दिनांक-26.07.2023
जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 60/166 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती चन्द्रा माथुर पत्नी श्री सत्यप्रकाश माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 154 दिनांक 21.01.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 02.07.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3784 दिनांक 19.10.2000 के द्वारा श्रीमती चन्द्रा माथुर पत्नी श्री सत्यप्रकाश माथुर के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 30.10.2000 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती चन्द्रा माथुर की मृत्यु दिनांक 26.11.2020 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री पंकज माथुर एवं श्री अनुज माथुर पुत्रान स्व. श्री सत्य प्रकाश माथुर ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री पंकज माथुर एवं श्री अनुज माथुर पुत्रान स्व. श्री सत्य प्रकाश माथुर के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री पंकज माथुर एवं श्री अनुज माथुर पुत्रान स्व. श्री सत्य प्रकाश माथुर के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
कमांक DHC-II/1218 जाहिर आम सूचना दि.20.7.2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 113/317 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 36 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री बाबूलाल विजय पुत्र श्री जौहरी लाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 298 दि.30.11.1987 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दि.8.1.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री बाबूलाल विजय की मृत्यु दि.30.3.2018 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी/पुत्र श्रीमती चन्द्रकला विजय पत्नी स्व.श्री बाबूलाल विजय एवं श्री सूरज विजयवर्गीय पुत्र स्व.श्री बाबूलाल विजय ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तांतरण संबंधी प्रपत्र एवं पंजीकृत हक त्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तांतरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगतरूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक श्रीमती चन्द्रकला विजय एवं श्री सूरज विजयवर्गीय के पक्ष में उक्त आवास के हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक वृत द्वितीय, जयपुर

स्वामी विज्ञानानंद का व्याख्यान जयपुर में

जयपुर, (निसं) । मालवीय नगर के महर्षि नारद सभागार में विश्व हिंदू कांग्रेस द्वारा गुरुवार को एक सेमिनार आयोजित होगा। इस गोष्ठी को विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त सचिव तथा विश्व हिंदू फोरम के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक चैन सिंह राजपुरोहित ने बताया कि पहली विश्व हिंदू कांग्रेस 2014 में नई दिल्ली में हुई थी, जो एक तरह से इस कार्यक्रम की नींव रूप में पहचानी जाती है। फिर 2018 में शिकागो में संपन्न हुई वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस इस नीव पर भवन बनाने की यात्रा के रूप में प्रसिद्ध है।

वर्ल्ड हिंदू कांग्रेस, सभी हिंदू नेताओं, कार्यकर्ताओं, विचारकों और प्रभावशाली लोगों को एक साथ आने और एक समान दृष्टिकोण की दिशा में काम करने में सक्षम बनाता है। यह हिंदुओं को जुडने, विचार साझा करने और आमजन की भलाई के लिए एक-दूसरे को प्रेरित करने का मंच प्रदान करता है। इस प्रकार डब्ल्यू एच सी हिंदुओं की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और भौतिक उन्नित के लिए एक सुविधा प्रदाता के रूप में भी स्थापित हो रहा है। यह मंच मुख्य रूप से 8 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम कर रहा है। अर्थव्यवस्था, शिक्षा, शिक्षाविद, मीडिया, राजनीति, युवा, महिला एवं मंदिर। डब्ल्यूएचसी के माध्यम से उपरोक्त निर्दिष्ट क्षेत्रों के सात समानांतर सम्मेलनों द्वारा हिंदू मूल्यों, रचनात्मकता और प्रतिभाओं को व्यक्त किया जाता है। राजपुरोहित ने कहा कि हिंदू समुदाय के पास उसे प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने और उनका समाधान करने के लिए कोई सुसंगत वैश्विक मंच नहीं है। अब समय आ गया है कि इस विसंगति को तोडकर हिंदू समाज को 21वीं सदी और उससे आगे ले जाया जाए। ऐसा होने के लिए, हिंदू समाज को भविष्य में आत्मविश्वास से आगे बढने के लिए एक समान उद्देश्य और एक साझा दृष्टिकोण के साथ एक आम मंच पर आना होगा। इस कार्य के लिए विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) एक अनौपचारिक संगठन है।

देवयानी परिक्रमा रोड पर नमक से भरे वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

सांभरझील, (निसं)। सांभर सॉल्ट लिमिटेड, हिन्दुस्तान साल्ट द्वारा देवयानी तीर्थ स्थल सरोवर के उत्तर दिशा में दस मीटर की दूरी पर अवैध रूप से किये जा रहे नमक स्टोरेज बैंक व बोरिंग के मामले में खबर प्रकाशित होने के बाद देवस्थान विभाग हरकत में आया।

■ देवस्थान विभाग की दखलअंदाजी के बाद एसडीम ने जारी किए आदेश

विभाग के उपायुक्त की ओर से मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु सांभर उपखंड अधिकारी को खास निर्देश प्रदान किए हैं। प्रकरण में तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी सांभर ने जांच रिपोर्ट पेश कर खबर की सत्यता पर मुहर लगाते हुए बताया कि देवयानी तीर्थ स्थल के उत्तर दिशा में मंदिरों से अल्प दूरी पर ही सांभर सॉल्ट लिमिटेड द्वारा नमक के बडे-बडे ढेर लगा दिये गये हैं। उपरोक्त स्थल पर भारी ओवरलोड डम्परों की वजह से नमक देवयानी परिक्रमा रोड पर बिखरता जाता है जिस कारण वर्षा ऋतु में खड्डो में भरने से व देवयानी सरोवर का पानी दूषित एवं नमक की लवणीय प्रकृति का होने के कारण प्राचीन मंदिरों की दीवारों, भित्ती चित्रों की सुन्दरता खराब होना पाया गया है। साथ ही देवयानी सरोवर का पानी दूषित होने के कारण जलीय जीवों के अतिस्व पर खतरा उत्पन्न हो रहा है। भारी आवेरलोड वाहनों से बजरी/नमक/पत्थर /अन्य खनिज का नियम विरुद्ध आवागमन हो रहा है।

नावां कुचामन बाइपास रोड तथा सांभरलेक थाना के सामने से निरन्तर निर्विरोध नियम विरूद्ध भारी वाहन सड़को से गुजर रहे हैं जो कि बिल्कुल न्यायोचित नही है। रिपोर्ट के आधार पर उपखंड अधिकारी ने थानाधिकारी को तू लिख कर आवश्यकतानुसार व आकलनुसार परीक्षणोंपरान्त देवयानी मार्ग की ट्रेफिक व्यवस्था / डायवर्जन की दृष्टि से, सम्भव होने पर भारी वाहनो हेतु देवयानी मार्ग की बैरीकेडिंग की जाए व नाकाबंदी कर नियमविरूद्ध वाहनो के आवागमन पर अंकुश लगाया जाए। ओवरलोड वाहनों के आवागमन के कारण सडक पर नमक बिखरा है व सडक क्षितग्रस्त हो चुकी है। यह वाहन देवयानी सरोवर के बिल्कुल निकट स्थित थाना, सांभरलेक के सामने से आवागमन करते है परन्तु इनपर अंकुश ना लगाया जाना एक अत्यन्त खेदजनक स्थिति है। यह जान मान के नुकसान, राजकीय वित्तीय हानि व पब्लिक न्यूसेंस का कारक है। इस पर त्वरित कार्यवाही हेतु टीम गठित करते हुए कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए। शीघ्र कार्यवाही नही किए जाने व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी तय की जावेगी।

नाम परिवर्तन

मैं गीता देवी धर्म पत्नी सुभाष चन्द्र यादव मेरे पति के आर्मी नम्बर 420236-एल, रैंक लास नायक, रूंडल, आमेर जयपुर मेरे पति के रिकार्ड में मेरा नाम Geeta Devi दर्ज है आर्मी के सभी रिकार्ड में मेरा नाम Gita Devi दर्ज करवाया जाए भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

मैंने अपना नाम दगिया मीना बेन जेठानन्द से बदलकर मीना देवी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए पता-सीडी-161 दादु दयाल नगर जयपुर, मानसरोवर

I Sandeep Kour D/o Rajvinder Singh, R/o Chak 77 GB A, 77 GBA Ganganagar, Rajasthan-335701, have changed my name to Sonam

उत्तर पश्चिम रेलवे G20
खुली ई- निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.: 1, निविदा संख्या / कार्य का नाम:** इंजी./जय/2023-24/66, जयपुर -फुलेरा की तरफ के पूर्ववत प्लेटफॉर्म संख्या - 4 व 5 को लो हाईट से स्टेण्डर्ड हाई लेवल प्लेटफॉर्म तक उठाने व यात्री सुविधा विस्तार का कार्य। **अनुमानित लागतः** 14153224.47/- **बिड प्रतिभूति राशिः** 220800/- 1. उपरोक्त निविदा का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **नोटिस बोर्ड-** मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2 निविदा इंजी./ जय/2023-24/66 की बन्द होने की तिथि 21.08.2023 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 21.08.2023 समय 16.00 बजे। 774-CQ/23
हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा नगर पालिका कार्यालय पर बुधवार को दोपहर प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष एडवोकेट सुमित्रा सिंह नाथावत के निर्देशानुसार फुलेरा नगर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा पूनम कुमावत की अगुवाई में भाजपा नेत्रियों व कार्यकर्ताओं ने चम्मच, थाली नाद बजाकर कांग्रेस की वर्तमान गहलोत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

■ भाजपा महिला मोर्चा का 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान जारी

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमावत ने बताया कि प्रदेश की भोली-भाली जनता अब त्रस्त हो चुकी है। कांग्रेस की गहलोत सरकार में इतना अहम आ गया है कि सच बोलने वालों को बाहर का रास्ता दिखा रही है। महिला अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। राज्य की सभी भर्ती प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे है। लेकिन सरकार चिर निद्रा में विलीन है। जब इस राज में कांग्रेस के मंत्रियों कार्यकर्ताओं के काम नहीं हो रहे है। उन्हे धक्के देकर विधानसभा से निकाला जा रहा है तो आम जनता का क्या हाल हो रहा होगा, यह घोर चिंता का विषय है। लाल डायरी का राज खोलने वालों पर द्वेषता पूर्ण कार्यवाही की जा रही है जो कि घोर निंदनीय है। इसी क्रम में एडवोकेट सुमित्रा सिंह नाथावत ने कहा कि नही सहेगा राजस्थान अभियान के तहत राजस्थान की वर्तमान गहलोत सरकार के कुशासन, जंगलराज को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षित बेरोजगारों, युवाओं, किसानों, महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को राजस्थान किसी भी सूरत में सहन नही करेगा। इस अवसर पर पार्षदा विजयलक्ष्मी गौड़, भाजपा महिला मोर्चा की एडवोकेट सुमित्रा सिंह नाथवात, पूनम कुमावत, अंकिता जैन, सीमा शर्मा, बीना शर्मा, निर्मला कुमावत, गीता शर्मा सहित अन्य कई महिलाएं उपस्थित रही।

गौशाला में वृक्षारोपण किया

चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा गढ़ पैलेस में स्थित निजी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नीम, बरगद, पीपल, करंज आदि के छायादार वृक्ष लगाए गए। विद्यालय संचालक चिरंजी लाल सैनी ने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा जनचेतना रैली निकाली गई। यह रैली गढ़ पैलेस विद्यालय से गौशाला तक निकाली गई जिसमें आमजन को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के सभी छात्र छात्रा गौशाला पहुंचकर वृक्षारोपण किया तथा गौशाला में गायों को हरा चारा व गुड खिलाया। इस दौरान वहां विद्यालय के प्रधानाध्यापक चिरंजी लाल सैनी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रहलाद सैनी, हनुमान माली, कन्हैया लाल मीणा, संस्था के निदेशक नंदसिंह भाटी, भीम सिंह गौड़, बिर्धीचंद सैनी, किशन सैनी सहित विद्यालय परिवार से अध्यापिका उषा कंवर, धर्मराज मीणा, आत्माराम कुशवाह, पूजा कुशवाह, वंदना सेन, सुनीता अरोड़ा, अनीता महावर, तनवी साहू आदि मौजूद थे।

उप चुनाव हेतु कार्यक्रम की घोषणा

दौसा, (निसं)। राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव माह अगस्त हेतु कार्यक्रम की घोषणा की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि जिले में ग्राम पंचायतों के सरपंच वार्ड पंच एवं उप सरपंच तथा पंचायत समिति सदस्यों के रिक्त पदों के उप चुनाव हेतु कार्यक्रम घोषित किया गया हैं। जिले में पंचायत समिति बैजूपाडा के वार्ड संख्या 16 में पंचायत समिति सदस्य हेतु, बैजूपाडा पंचायत समिति में टूडियाना ग्राम पंचायत में सरपंच ,उप सरपंच तथा वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 1 से 11, ग्राम पंचायत बालाहेडी में सरपंच, उपसरपंच तथा वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 1 से 11, ग्राम पंचायत गगवाना में सरपंच, उप सरपंच तथा वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 1 से 7, ग्राम पंचायत भैदाडी मीनान में वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 3 में, पंचायत समिति नांगल राजावतान की ग्राम पंचायत ठीकरिया में वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 8व 9 में, पंचायत समिति दौसा की ग्राम पंचायत महेश्वरा खुर्द में वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 3 में, पंचायत समिति सिकन्दरा की ग्राम पंचायत छोकरवाडा में वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 8 में एवं पंचायत समिति लालसोट की ग्राम पंचायत खेडला खुर्द में वार्ड पंच हेतु वार्ड संख्या 12 में उप चुनाव हेतु कार्यक्रम घोषित किया गया हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों रिक्त पदों के उप चुनाव हेतु 04 अगस्त को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियम 58 के अन्तर्गत निर्वाचन की अधिसूचना जारी करना हैं। 10 अगस्त को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक शनिवार एवं रविवार को छोडकर नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करना, 11 अगस्त को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा करना, 12 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे से नाम वापसी, नाम वापसी का समय समाप्त होने तुरंन्त पश्चात चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन करना एवं 20 अगस्त को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान करना।

कार्यालय ग्राम पंचायत मुई पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला स.मा. (राज.)
क्रमांक/ग्रा.प./निविदा/2023-24/96-101 दिनांक-25.07.2023
ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24
NIB Code-PKI2324A0011 UBN is: PKI2324GL0B00011
वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं अन्य योजनान्तर्गत संचालित समस्त स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए GST में पंजीकृत सक्षम अनुभव प्राप्त फर्मों से अथवा राजस्थान सरकार के निर्माण विभागों में सी-श्रेणी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम शर्तें सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड किया जा सकते है।
सरपंच ग्राम पंचायत मुई पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा (स.मा.)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मुई पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा (स.मा.)

भवन निर्माण की स्वीकृति

सांभरझील, (निसं)। सांभर में राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से बजट उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इसके अलावा कन्या महाविद्यालय में विभिन्न 21 नए पद भी सृजित किए जाएंगे।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के निर्देश

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय अशोक शर्मा उच्च माध्यमिक विद्यालय में दौसा जिले में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के स्वीप कार्यक्रम के नोडल प्रभारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामकिशोर मीणा ने पीईइओ की बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को किस तरह बढ़ाया जाए एवं स्वीप कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों को लेकर विचार विमर्श करने के साथ बैठक ली गई।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीणा द्वारा बुधवार को अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में लालसोट एम रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र के सभी पीईईओ की एक साथ बैठक लेते हुए स्वीप कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी देने के साथ ही कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीणा द्वारा सभी शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी समय में जो विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव होने हैं उसमें मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की तरफ कार्य किया जाए एवं इस चुनाव को मतदान के दौरान एक महोत्सव के रूप में देखते हुए कार्य किया जाए। बैठक के पश्चात मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीणा द्वारा प्रधानाध्यापक मदन पारीक आदि की मौजूदगी में राजकीय विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीणा द्वारा मौजूद शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं से सगन तौर पर वृक्षारोपण करने के साथ लगाए गए वृक्षों की व्यक्तिगत देखभाल करने का भी आव्हान किया गया। इस दौरान रामगढ़ पचवारा एवं लालसोट उपखंड मुख्यालय से आए पीईईओ एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

कार्यालय नगर परिषद हिण्डौन सिटी जिला करौली राज.
क्रमांकः- 14498 दिनांकः- 26.07.2023
निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदको के आगे वर्णित स्थान पर नीचे वर्णित प्रयोजनार्थ भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन का पट्टा चाहा गया है जो निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा नम्बर	क्षेत्रफल वर्ग मीटर में	राजस्व ग्राम	प्रस्तावित	मास्टर प्लान के अनुसार भू उपयोग	आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि
1	गायत्री परिवार ट्रस्ट जरिये वेदप्रकाश बंसल	125	1720.56	हिण्डौन सिटी	थोक व्यापार/ भंडारण एवं गोदाम	संस्थानिक	7 दिवस

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बर में भू-उपयोग परिवर्तन करने में किसी को आपत्ति हो तो उक्त वर्णित अवधि में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। अन्दर अवधि में आपत्ति पेश नही होने पर आवेदनकर्ता द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन उपरोक्त प्रयोजनार्थ कर भूमि का नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके पश्चात् कोई भी आपत्ति नहीं सुनी जावेगी। सूचित रहे।
आयुक्त, नगर परिषद हिण्डौन

कारगिल दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

एनसीसी कैडेट्स और अन्य विद्यार्थियों द्वारा मानव पिरामिड बनाया।

श्रीमाधोपुर, (निसं)। एसबीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कारगिल दिवस मनाया गया। महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दिवस के अवसर पर एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक डॉ मुकेश बल्डवाल व प्राचार्य डॉ एस के जाट तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, श्रवण महला, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, मोनिका शर्मा, बनवारी लाल जीतरवाल, धर्मेंद्र जीतरवाल, झाबरमल, मदन लाल सैनी व समस्त स्टाफ गण उपस्थित रहें। इसी प्रकार एमजीपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज, महात्मा गाँधी बीएड कॉलेज, महात्मा गाँधी इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। एनसीसी सीटीओ विजेंद्र कुमार के सानिध्य में एनसीसी कैडेट्स और अन्य विधार्थियो द्वारा मानव पिरामिड मनाया गया।

Azadi Ka Amrit Mahotsav **पावरग्रिड POWERGRID** G20

सूचना

1. याचिका-1: सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 1999 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, 2014 और 2019 के विनियमन-86 के तहत उत्तरी क्षेत्र में "पारबती-III एचईपी के साथ जुड़ी पारेषण प्रणाली" के तहत i) टैरिफ ब्लॉक 2014-19 के लिए पारेषण टैरिफ के ट्रूइंग और ii) टैरिफ ब्लॉक 2019-24 के लिए परिसंपत्तियों के लिए पारेषण टैरिफ के निर्धारण हेतु अनुमोदन।
2. उपरोक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं: (1) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. (2) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. (3) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. (4) पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड (5) हरियाणा बिजली खरीद केंद्र (6) बिजली विकास विभाग, जम्मू और कश्मीर सरकार (7) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. (8) हिमाचल प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लि. (9) बीएसईएस यमुना पावर लि. (10) बीएसईएस राजधानी पावर लि. (11) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लि. (12) चंडीगढ़ प्रशासन (13) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लि. (14) उत्तर मध्य रेलवे (15) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (16) पारबती कोलडैम ट्रांसमिशन कंपनी लि. (17) नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लि.
3. टैरिफ का विवरण (क) 2014-19 ब्लॉक

2014-19 के लिए ट्रू-अप पारेषण टैरिफ (रु. लाख में)

परिसंपत्ति संख्या	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
संयुक्त परिसंपत्ति 1 से 4	12,671.25	12,578.97	12,363.91	12,089.78	11,801.38
परिसंपत्ति-5	63.18	139.52	143.76	144.20	143.51
परिसंपत्ति-6	-	29.80	74.53	76.26	77.85
परिसंपत्ति-7	-	12.91	31.38	30.99	30.29
परिसंपत्ति-8	4.12	150.88	150.53	150.23	149.67

ख) 2019-24 ब्लॉक

परिसंपत्ति	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
संयुक्त परिसंपत्ति	11,243.60	10,908.66	10,574.24	10,243.67	9,916.71

4. टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।
5. आवेदन में निहित टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, तीसरी और चौथी मंजिल, चंद्रलोक बिल्डिंग, जनपथ, नई दिल्ली-110001 (या अन्य पते पर जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) को आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति के साथ, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजी जानी चाहिए।

हस्ता./-
बी.बी. रथ
वरिष्ठ महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)
स्थानः गुड़गांव
दिनांकः 27/07/2023

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालयः बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
कॉर्पोरेट कार्यालयः सौदामिनी, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाइटः www.powergrid.in, CIN: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू
PG/CC/Notice-09/Advt.-30/2023-24